तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 5.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

10 ठंड से आमजन के बचाव को प्रशासन ...

11 समस्याएं हल करवाने के लिए महम लघु सचिवालय ...





## भर्ती में झज्जर, सोनीपत, पानीपत, रोहतक और अंबाला जोन के युवाओं ने भाग लिया

# अग्निवीर भर्ती में युवाओं में दिखा जोश, 455 युवाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन, 387 ने लिया भाग, 320 ने फिजिकल टेस्ट पास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर में अग्निवीर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती एआरओ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। इस भर्ती में जिला झज्जर, सोनीपत, पानीपत, रोहतक और अम्बाला जोन के युवा भाग ले रहे हैं। भर्ती का उद्देश्य योग्य और फिट युवाओं का चयन करना है, जो अग्निवीर बनकर देश की सेवा कर सकें। शुक्रवार को रोहतक और सोनीपत जोन के युवाओं ने भर्ती में भाग लिया। इस दिन कुल 455 युवाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिनमें से 387 युवक उपस्थित हुए। प्रारंभिक फिजिकल परीक्षण के बाद 320 युवाओं ने फिजिकल टेस्ट पास किया। भर्ती प्रक्रिया में युवाओं का उत्साह और देशभक्ति की भावना देखने योग्य रही।



### भर्ती कई चरणों में होती है संपन्न

अग्निवीर भर्ती कई चरणों में संपन्न होती है। पहला चरण रजिस्ट्रेशन और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का होता है, जिसमें युवाओं के शैक्षिक प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र और पहचान पत्र की जांच की जाती है। इसके बाद फिजिकल टेस्ट कराया जाता है, जिसमें दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, पुश-अप्स और अन्य शारीरिक क्षमताओं का परीक्षण शामिल होता है। फिजिकल टेस्ट में सफल युवाओं को मेडिकल टेस्ट और इंटरव्यू/विवेचना के लिए बुलाया जाता है।

### कड़ी मेहनत पर पाई सफलता

अग्निवीर बनने की चुनौती में भाग लेने वाले युवाओं ने पहले से कड़ी मेहनत की है। कई युवाओं ने अपने फिटनेस रूटीन को सुधारते हुए दौड़, व्यायाम और शारीरिक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया है। भर्ती स्थल पर उपस्थित युवा पूरे उत्साह के साथ फिजिकल टेस्ट में भाग लेते हुए दिखाई दिए। उनका आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना देखने लायक थी।



### एआरओ और भर्ती टीम की भूमिका

एआरओ रोहतक की टीम ने भर्ती के दौरान सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया। टीम ने रजिस्ट्रेशन, डॉक्यूमेंटेशन, फिजिकल टेस्ट और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। भर्ती के दौरान कोविड-19 सुरक्षा मानकों का पालन भी किया गया, जिसमें मास्क, सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग को प्राथमिकता दी गई।

### अगला चरण मेडिकल टेस्ट और इंटरव्यू

आज फिजिकल टेस्ट पास करने वाले 320 युवाओं को अगले चरण मेडिकल टेस्ट और इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। भर्ती का समापन 15 दिसंबर को होगा। उसके बाद अंतिम चयनित युवाओं की सूची जारी की जाएगी और उन्हें अग्निवीर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। एआरओ के अधिकारी ने कहा कि यह भर्ती न केवल युवाओं के लिए अवसर प्रदान करती है, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक है। युवा अपनी फिटनेस और क्षमता को साबित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### पोर्टल की मदद से 6 मोबाइल बरामद किए

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी पुलिस ने तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए हरसमय पोर्टल और सीईआईआर सिस्टम की मदद से 6 गुमशुदा मोबाइल सफलता पूर्वक बरामद कर उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिए। यह कदम न केवल पुलिस की कार्यकुशलता को दर्शाता है बल्कि डिजिटल सुविधा के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाता है।

### लाइन टूटने की शिकायत जन स्वास्थ्य विभाग को

**रोहतक।** आरडब्ल्यूए सुभाष नगर के सदस्यों ने बताया कि भूमिगत गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान पानी की पाइप लाइन टूट गई है। इसकी वजह से गंदा पानी आ रहा है। प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। प्रवीन सहगल ने बताया कि आज कुछ गलियों मे तो पानी की एक बूंद तक नहीं आ रही है और जहां आ रही है।

### सांपला: दो गांव से पांच पशु चोरी

**सांपला।** सर्दी शुरू होते ही पशु चोरी की घटनाएं भी बढ़ गई है। गुरुवार की रात को पाकस्मा और कसरेटी गांव से पांच पशु चोरी कर लिए गए। पुलिस ने पशुपालक के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## बढ़ते अपराधों ने आम जनता की सुरक्षा को लेकर बढ़ा दी चिंता

### अपराधियों की गतिविधियों को ट्रेस करने में सीसीटीवी बेहद मददगार

# 12 महीनों में 52 हत्याओं से दहला रोहतक, 48 मामलों का हुआ खुलासा

नीरज वर्मा ▶▶ रोहतक

जिले में वर्ष 2025 के दौरान लगातार हो रही हत्याओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। पिछले 12 महीनों में कुल 52 हत्या के मामले सामने आए, जिनमें से 48 मामलों को पुलिस ने सुलझाने का दावा किया है। बावजूद इसके जिले में बढ़ते अपराधों ने आम जनता की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हत्या के कई मामले अत्यंत क्रूरता और व्यक्तिगत रंजिशों को उजागर करते हैं। इनमें कुछ मामलों ने न केवल रोहतक बल्कि पूरे हरियाणा में सनसनी मचा दी। हालांकि इन 52 मामलों में से 48 हत्याओं का सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया।



एसपी सुरेंद्र कुमार भौरिया।

### केस-1 कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की हत्या

यह मामला 2025 की सबसे चर्चित हत्याओं में से एक रहा। 30 वर्षीय कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल रोहतक शहर के विजय नगर की रहने वाली थी। वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपनी पारंपरिक हरियाणवी पोशाक की वजह से चर्चा में आई थीं। हिमानी वैश्य कॉलेज से एमबीए और लॉ की पढ़ाई भी कर चुकी थीं। 2 मार्च 2025 की सुबह सांपला बस अड्डे के पास सड़क किनारे एक नीले रंग के सूटकेस में उनका शव बरामद हुआ। सूटकेस खेतों के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। जब पुलिस ने इसे खोला तो देखा कि हिमानी का चेहरा नीला पड़ा हुआ था और होंठों पर खून लगा था। इससे स्पष्ट होता है कि उसकी निर्ममता से हत्या की गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि हिमानी को पहले बुरी तरह पीटा गया और बाद में चुनरी से गला घोंटकर हत्या की गई। रात के अंधेरे में ही हत्यारों ने सूटकेस में शव डाल कर सुनसान इलाके में फेंक दिया। सुबह शव मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने परिवार की मदद से शव की पहचान करवाई और जांच शुरू की। मामले में कई संदिग्धों से पूछताछ की गई और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इसे जल्द सुलझाने का दावा किया।

### केस-2 फतेहपुर कॉलोनी में प्लॉट विवाद में दो की मौत

23 अक्टूबर 2025 की रात लगभग 9:30 बजे फतेहपुर कॉलोनी में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश और प्लॉट विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान 21 वर्षीय सुमित, जो प्लंबर का काम करता था, को आरोपी मनीष ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद परिजन उसे तुरंत पीजीआईएमएस रोहतक ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुमित तीन भाई-बहनों में बड़ा था और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रहा था। उधर, जैसे ही घटना की जानकारी फैली, सुमित पक्ष के लोगों ने हमलावर मनीष पर गंडासी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस तरह मामूली विवाद ने देखते ही देखते दो परिवारों की जिंदगियां छीन लीं। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए, कॉलोनियों में सीसीटीवी खंगाले और दोनों परिवारों के बयान लिए। मामले को सुलझा दिया गया है, लेकिन यह घटना आपसी रंजिशों में कानून हाथ में लेने की प्रवृत्ति को उजागर करती है।

### केस-3 काहनी में परिवारिक विवाद में सपना की हत्या

20 नवंबर की रात काहनी गांव में 23 वर्षीय सपना की उसके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना में उसका देवर साहिल (20) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को रात लगभग 10:45 बजे पीजीआईएमएस लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सपना को मृत घोषित कर दिया। सपना की शादी सूरज से तीन वर्ष पहले कोर्ट मैरिज के तहत हुई थी। यह शादी सपना के मायकेवालों को पसंद नहीं थी और उन्होंने दोनों को गांव में रहने से मना कर दिया था। इन दबावों के चलते दंपती कुछ वर्षों तक रोहतक में किराये पर रहने लगे। मगर दो महीने पहले वे फिर से गांव में रहने आए। पुलिस जांच में सामने आया कि सपना के मायके पक्ष को यह बात नागवार थी और लंबे समय से तनाव बना हुआ था। सपना के बेटे का जन्मदिन 22 नवंबर को था और घर पर तैयारी चल रही थी, जिनमें अचानक इस घटना ने मातम छा दिया। बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इस मामले को भी सुलझाने का दावा किया है और कई लोगों से पूछताछ जारी है।

### संगीन अपराधों को प्राथमिकता: एसपी

पुलिस के लिए हत्या जैसा संगीन अपराध हमेशा प्राथमिकता में रहता है। एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि कई मामलों में सबूत इकट्ठा करना चुनौतीपूर्ण था। कुछ मामलों में गवाह सामने आने से डर रहे थे। कई घटनाएं रात के समय सुनसान इलाकों में हुईं। कुछ मामलों में आरोपी पेशेवर अपराधी थे और पहले से ही कई जिलों में वांछित चल रहे थे। इन सबके बावजूद, पुलिस ने 52 में से 48 मामलों को सुलझाया।

### समाज में बढ़ती रंजिशें चिंता का विषय

बीते वर्ष की घटनाएं इस ओर इशारा करती हैं कि सामाजिक और पारिवारिक तनाव बढ़ रहा है। मामूली कहासुनी, आर्थिक तंगी, रिश्तों में अविश्वास, नशे के कारण बढ़ती हिंसा और आपसी गैंग प्रतिद्वंद्विता जैसी वजहें मुख्य रूप से सामने आईं। कुछ मामलों में हत्या योजनाबद्ध तरीके से भी की गई, जबकि कई घटनाएं अचानक हुए झगड़ों के कारण हुईं। जिले में नशा और शराब के कारण बढ़ते झगड़ों को पुलिस ने इस वर्ष की बढ़ती हिंसा का प्रमुख कारण बताया है।

### स्पेशल टीमें और तकनीकी सहायता का प्रयोग

पिछले एक वर्ष में पुलिस ने हर हत्या मामले को सुलझाने के लिए अलग-अलग रणनीतियां अपनाईं। कई मामलों में मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग महत्वपूर्ण साबित हुई। अपराध के बाद आरोपी की गतिविधियों को ट्रेस करने में सीसीटीवी नेटवर्क बेहद मददगार रहा। फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण नमूने जुटाए। मुखबिर नेटवर्क ने आरोपी की लोकेशन और गतिविधियों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई।

### केस-4 मायना के पास नहर किनारे महिला का शव मिला

24 नवंबर को गांव मायना के पास नहर की पटरी पर लगभग 30 वर्षीय एक महिला का शव मिला। महिला के माथे में गोली मारकर हत्या की गई थी। शव की पहचान प्रारंभ में नहीं हो पाई। घटनास्थल की स्थिति देखकर यह अनुमान लगाया गया कि हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को यहां फेंका गया। जेएलएन नहर और भालौठ सब-ब्रांच के बीच स्थित सुनसान इलाके में शव मिलने की सूचना सिंचाई विभाग के जेई ने गांव मायना के सरपंच प्रतिनिधि को दी, जिन्होंने पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया और तकनीकी सर्विलांस व डीएनए प्रोफाइलिंग के आधार पर इस केस को भी ट्रेस कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह मामला भी व्यक्तिगत रंजिश से जुड़ा हुआ था।

## भैणीचंद्रपाल गांव में हादसा

# महम: लाइनमैन की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम में बिजली लाइन पर काम कर रहे लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। लाइनमैन भैणीचंद्रपाल गांव का रहने वाला था। उसकी मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। 45 वर्षीय चांदी राम पुत्र बलजीत सिंह निवासी भैणी चंद्रपाल उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के महम बिजली घर में तैनात था। वीरवार 11 दिसंबर को सुबह 9 बजे वह खेड़ी फीडर पर काम कर रहा था। जब वह लाइन पर काम कर रहा था तो पीछे से बंद की गई बिजली आपूर्ति फिर से चालू कर दी गई। जिस वजह से वह बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में चांदी राम लाइनमैन को उपचार के लिए महम के नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। वीरवार रात को उपचार के दौरान चांदी राम की मौत हो गई। चांदी राम शादीशुदा है और उसकी दो बेटी और एक बेटा है। चांदी राम के पिता की पहले से ही मौत हो चुकी है। जैसे ही लाइनमैन का शव शुक्रवार दोपहर को दो बजे गांव में पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



मृतक चांदी राम फाइल फोटो

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने हत्या करने का लगाया आरोप

**आईजी व एसपी से मिलकर पीड़ित परिजनों ने न्याय की लगाई गुहार**

**रोहतक।** जींद रोड निवासी ऋषि हुड्डा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। परिजनों ने ऋषि की नामजद युवकों द्वारा हत्या करने का आरोप लगाया है। साथ पीड़ित परिजनों ने आईजी व पुलिस अधीक्षक से मिलकर भी न्याय की गुहार लगाई और मामले में पुलिस द्वारा उचित कारवाई ना करने का भी आरोप लगाया है। दरअसल, 2 दिसंबर 2025 को ऋषि हुड्डा को संदिग्ध परिस्थितियों में पीजीआई में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक की मां नीलम ने बताया कि उसका बेटा ऋषि ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। दो दिसंबर 2025 को सुबह ऋषि जींद रोड पर ऑटो लेने के लिए गया था, जहां पर उसके दोस्त मोहित तथा अंशुल व तीन-चार अन्य युवक जबरदस्ती ऋषि को एक काली गाड़ी में अपने साथ ले गए और शाम को बेसुध हालत में वापिस जब घर लेकर आए तो उसकी हालत काफी खराब थी और ऋषि ने एक ही बात अपनी मां को कही कि जबरदस्ती उसे जहरीला पदार्थ खिलाया गया है।

## 5 लाख का नुकसान, पूर्व आईजी श्रीकांत ने शुरू करवाई थी गोशाला

# गोशाला के बाड़े को प्रशासन ने बिना नोटिस के तोड़ा, जताया एतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने राजीव गांधी खेल स्टेडियम के पास पुल के नीचे स्थापित गौशाला की गायों के लिए बनाए गए बाड़े को शुक्रवार को बिना नोटिस के तोड़ दिया। इस पर गोशाला का संचालन करने वाली बेसहारा गोवंश सेवा समिति ने एतराज जताया है। समिति की महासचिव पुष्पा राणा ने बताया कि दोपहर के समय प्रशासनिक अमला ने यह कार्रवाई की। उस समय बाड़े के अंदर गाय थी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई करने से पहले किसी भी प्रकार का नोटिस समिति को नहीं दिया गया था। यह बाड़ा अस्थाई तौर पर स्थापित किया गया था। इस समय गोशाला में करीब 750 गाय हैं। जिनके लिए यह बाड़ा बनाया गया था। प्रशासन की इस कार्रवाई की वजह से करीब साढे 5 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यह गोशाला किसी भी प्रकार के व्यापारिक फायदे के लिए नहीं चलाई जा रही है। यहां पर गायों की देखरेख की



जाती है। इस मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुहार लगाई है। एक ओर प्रदेश सरकार गायों की रक्षा पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर अधिकारी इस प्रकार की कार्रवाई कर क्या संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यह गोशाला 10 वर्ष से भी ज्यादा समय से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अमला के साथ भारी संख्या में पुलिस बल था। यह कार्रवाई इस प्रकार की गई जैसे कि गोशाला में कोई आपराधिक गतिविधि चल रही हो।

## परिवार ने चंडीगढ़ में डीजीपी से की थी मुलाकात, मिला था कार्रवाई का आश्वासन

# बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड: एक हफ्ते की मोहलत, फिर भी आज जुटेगी राष्ट्रीय धनखड़ खाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भिवानी में हुए बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड ने प्रदेशभर में कड़ा रोष पैदा कर दिया है। गांव हमायूंपुर निवासी 28 वर्षीय रोहित की हत्या के बाद से परिवार, ग्रामीण और धनखड़ समाज लगातार गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इसके चलते रोहित के परिजन व पंचायत प्रतिनिधि हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह से मिल चुके हैं, वहीं, रोहतक रेंज के आईजी सिमरदीप सिंह भी स्वयं रोहित के घर पहुंचकर कार्रवाई का भरोसा दे चुके हैं। इन आधिकारिक आश्वासनों के बावजूद, शनिवार को राष्ट्रीय धनखड़ खाप की एक बड़ी पंचायत बुलाई गई है, जिसमें अगली रणनीति तय की जाएगी।

### शादी समारोह में कहासुनी के बाद जानलेवा हमला



रोहित धनखड़ अपने मित्र जतिन (निवासी बौंदकला) के साथ 28 नवंबर को भिवानी एक शादी समारोह में गया था। बताया जाता है कि समारोह में तिगड़ाना से आई बारात के कुछ युवकों से मामूली कहासुनी हो गई थी। मामला इतना बढ़ गया कि वही युवक बाद में रास्ता रोककर रोहित और उसके साथियों पर टूट पड़े। मारपीट के दौरान रोहित को इतने गंभीर चोटें आईं कि वह बेहोशी की हालत में पहुंच गया। उसे तुरंत इलाज के लिए रोहतक पीजीआई ले जाया गया, लेकिन कई दिनों तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद उसने दम तोड़ दिया।

### आईजी समरदीप पहुंचे गांव, दिया परिवार को जल्द गिरफ्तारी का भरोसा

डीजीपी के आश्वासन के बाद आईजी रोहतक रेंज समरदीप सिंह खुद गांव हमायुंपुर पहुंचे। आईजी ने रोहित की मां संतोष देवी सहित पूरे परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मामले में आरोपियों को जल्द, संभवतः एक सप्ताह से पहले ही, गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आईजी ने परिवार के दुख में साझेदारी करते हुए कहा कि न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और अपराधियों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा।

### डीजीपी ओपी सिंह से दिए थे कार्रवाई के निर्देश

रोहित के परिवार और गांव की पंचायत प्रतिनिधियों ने सीधे पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह से मुलाकात की। मृतक के चाचा सतीश धनखड़ के अनुसार, डीजीपी ने आश्वासन दिया कि मुख्य आरोपियों के साथ-साथ उनकी मदद करने वाले सभी लोग एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार किए जाएंगे। उन्होंने भिवानी एसपी और रोहतक रेंज के आईजी को भी सख्त निर्देश जारी किए हैं।

### महापंचायत में हो सकता है बड़ा निर्णय

आज राष्ट्रीय धनखड़ खाप की महापंचायत हो सकता है बड़ा निर्णय पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद समाज में गुस्सा कम नहीं हुआ है। इसी को देखते हुए कल राष्ट्रीय धनखड़ खाप की एक महत्वपूर्ण पंचायत बुलाई गई है। इस बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया धनखड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर सिंह करेंगे। पंचायत में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से खाप प्रतिनिधि शामिल होंगे। उम्मीद है कि इस हत्याकांड की अब तक की जांच, पुलिस की कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी में हो रही देरी को लेकर पंचायत बड़ा निर्णय ले सकती है।

## खबर संक्षेप



रोहतक। कर्मियों को सम्बोधित करते निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार।

### सफाई कर्मियों के लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशाला

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा शहर में कार्यरत सफाई कर्मियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्हाई वेस्ट वेडनेशडे के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य सफाई कर्मियों के कठिन परिश्रम की सराहना करना, उनकी दैनिक चुनौतियों को समझना और स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के प्रति उन्हें और अधिक जागरूक करना था।

### वकीलों ने विद्यार्थियों को बताए नशे के नुकसान

**महम।** उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण महम द्वारा पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महम में नशे से जंग महम के संग अभियान के तहत एक जागरूकता कैंप लगाया गया। इस दौरान वकीलों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया और नशे से जुड़े कानूनी पहलुओं को लेकर जागरूक किया। अधिवक्ता जितेंद्र सैनी ने विद्यार्थियों को नशा के दुष्प्रभाव, नशा तस्करी और नशे का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव आदि मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर एडवोकेट जितेंद्र सैनी, नरेश खरब, विनय और ममता मौजूद थे।

### तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम


**रोहतक।** आईएचएम बेंगलुरु में आयोजित तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। अंतिम दिन शुगर स्कल्प्चर, पेटिट फोर्स और अंत्रेमे जैसे उन्नत पेस्ट्री विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। आईएचएम रोहतक के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया की तीन दिवसीय इस कार्यशाला मे शेफ अक्षय ने शुगर स्कल्प्चर पर प्रभावशाली प्रदर्शन कर अपनी तकनीकी दक्षता और कलात्मक महारत का परिचय दिया। वहीं, शेफ अरविंद ने पेटिट फोर्स एवं अंत्रेमे की आधुनिक पेस्ट्री तकनीकों पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का संचालन किया।

# नशा मुक्ति टीम ने गांव सिंहपुरा में छात्रों व आमजन को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस की नशा-मुक्ति टीम जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया के निर्देशानुसार टीम ने गांव सिंहपुरा स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ ग्रामीण भी शामिल हुए और नशे के खतरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का नेतृत्व स.उप.नि. मोहन ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नशा केवल स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। नशे के सेवन से आर्थिक हानि, मानसिक तनाव, सामाजिक कलंक और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के भविष्य को अंधकार की ओर ले जाता है और इसके चलते परिवार कठिनाइयों का सामना करता है।

### पुलिस की सक्रियता से बढ़ती जागरूकता



रोहतक। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते पुलिस अधिकारी।

### हर घर में जागरूकता अभियान

सउपनि मोहन ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य है कि हर घर और परिवार तक नशे के खतरों की जानकारी पहुंचाना। गांव, कस्बों और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को एकत्रित कर नशे के दुष्परिणामों और बचाव के तरीकों के बारे में बताया जा रहा है। विद्यार्थियों को विशेष रूप से ड्रग्स, नशीली दवाओं और शराब के हानिकारक प्रभाव समझाए गए।

### नशा छोड़ने वालों के लिए सुविधा

नशा मुक्ति टीम ने यह भी बताया कि जो लोग नशा छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए पीजीआईएमएस रोहतक के नशामुक्ति केंद्र में डॉक्टरों की मदद से काउंसलिंग और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इससे नशे की लत छुड़ाने में सहायता मिलती है और व्यक्ति अपने जीवन में स्वस्थ एवं सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

### टीम ने आमजन से अपील की

टीम ने आमजन से अपील की कि यदि किसी भी क्षेत्र में नशा बेचा जा रहा है तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम और पता पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त नशे से संबंधित जानकारी और सहायता के लिए जिला पुलिस ने निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

### जागरूकता का संदेश

इस कार्यक्रम के माध्यम से रोहतक पुलिस ने यह स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ लड़ाई सिर्फ पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी जिम्मेदारी है। यदि हर नागरिक सक्रिय होकर नशे के खिलाफ कदम उठाए और दूसरों को जागरूक करे, तो नशे की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है। गांव सिंहपुरा में आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों और ग्रामीणों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि समाज में नशा-मुक्ति की भावना को भी मजबूत किया। रोहतक पुलिस की यह पहल आधुनिक समय में एक सकारात्मक और प्रेरक कदम के रूप में सामने आई है, जो पूरे जिले में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में मदद कर रही है।

## डीसी-निगम आयुक्त ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

# ठंड से आमजन के बचाव को प्रशासन संवेदनशील

**शहर में पुरुष व महिलाओं के लिए अलग-अलग रैन बसेरे स्थापित किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





रोहतक। रैन बसेरों की निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता व नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

डीसी सचिन गुप्ता ने नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के साथ देर रात को नगर में अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए रेन बसेरों का निरीक्षण किया और मौके पर ही सुविधाओं के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश जारी दिए। डीसी ने कहा कि ठंड व शीतलहर से आम जनमानस के बचाव के लिए प्रशासन पूरी तरह से संवेदनशील है। हर व्यक्ति के अमूल्य जीवन के दृष्टिगत सरकार द्वारा प्रशासन को निर्देश दिए गए है कि कोई भी व्यक्ति फुटपाथ, प्लेटफार्म या सडक़ पर खुले में न सोयें।

### निगरानी की जाए

उपायुक्त ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति खुले में सोया पाया जाए तो उसे तुरंत रैन बसेरों में पहुंचाया जाए और इसकी निरंतर निगरानी भी की जाए। सभी रैन बसेरों को पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जा रहा हैं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा पुरुषों व महिलाओं के लिए पांच अलग-अलग स्थानों पर रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं। इन रैन बसेरों में ठहरने की सुविधा पूर्णता निशुल्क है तथा भोजन, गर्म कपड़े, शौचालय, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। नया बस स्टैंड परिसर में पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग रैन बसेरों का प्रावधान किया गया है। पोर्टा केबिन (पुरुष एवं महिला) के लिए पुराना बस स्टैंड नजदीक पुलिस स्टेशन, सामुदायिक केन्द्र गांधी कैम्प में भी (पुरुष एवं महिला) रैन बसेरे का संचालन किया जा रहा है।

### कंबल का इंतजाम

रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कंबल का इंतजाम हो। साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाए। उपायुक्त ने रैन बसेरों की स्थापना के लिए नगर निगम की सराहना करते हुए कहा कि निगम की टीम ने सक्रिय रूप से काम करते हुए रैन बसेरों की व्यवस्था की है। अगर आमजन को शहर में कोई भी व्यक्ति खुले में ठंड में सोता हुआ दिखाई दे तो निकटतम रैन बसेरे तक पहुंचाने में सहयोग करें।

### 150 लोगों के ठहरने की व्यवस्था

नगर निगम द्वारा पुराना बस स्टैंड, कम्युनिटी सेंटर के पास बनाए गए रैन बसेरे का संचालन जन सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। सचिन गुप्ता ने बताया कि निगम क्षेत्र में बनाए गए रैन बसेरों में लगभग 150 व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था है तथा इस क्षमता को आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन रैन बसेरों में पुरुषों व महिलाओं के रात्रि ठहराव के लिए सभी सुविधाएं प्रदान की जाये व उनके लिए कंबल, गद्दे इत्यादि की पूर्ण व्यवस्था की जाये। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति किसी भी रैन बसेरे में ठहराव कर सकता है। अधिकारियों को भी निर्देश दिए जा चुके है कि रैन बसेरों में किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा इनकी निरंतर निगरानी की जाये।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से कहा कि हर जरूरतमंद को रैन बसेरों में अच्छी सुविधा दी जाए।

### यहां करें संपर्क

जरूरतमंद व्यक्ति को रैन बसेरों तक पहुंचाने के लिए नगर निगम के सहायक सफाई निरीक्षक संदीप राठी के मोबाइल नंबर 82959-00955, नरेंद्र के मोबाइल नंबर 82959-00942 तथा प्रदीप के मोबाइल नंबर 82959-00943 पर संपर्क किया जा सकता है।

**जेएसडब्ल्यू हरियाणा स्टीलर्स एकेडमी का शुभारंभ, खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं मिलेंगी**

# देश की कबड्डी प्रतिभाओं का प्रमुख केंद्र बनेगा एमडीयू : प्रो. राजबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

### हरियाणा स्टीलर्स की नई जर्सी जारी की



रोहतक। हरियाणा स्टीलर्स एकेडमी का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में जेएसडब्ल्यू हरियाणा स्टीलर्स एकेडमी की शुरुआत के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा को देश की कबड्डी फैक्ट्री के रूप में जाना जाता है और अब एमडीयू भी देश की कबड्डी प्रतिभाओं का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी विश्वविद्यालय की पहचान हैं और एमडीयू उनके सर्वांगीण विकास के लिए सर्वोच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि यह कबड्डी एकेडमी न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारेगी बल्कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, अनुशासन और टीमवर्क जैसे गुणों को भी मजबूती देगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हरियाणा स्टीलर्स की नई जर्सी भी जारी की। हरियाणा स्टीलर्स के सीईओ दिव्यांशु फौगाट ने खिलाड़ियों को खेल और शिक्षा दोनों पर संतुलित ध्यान देने की सलाह दी। दिव्यांशु ने कहा कि यहां जूनियर खिलाड़ी स्टार खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग कर अपनी क्षमता को नई दिशा देंगे। हेड कोच मनप्रीत सिंह ने कहा कि जेएसडब्ल्यू खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन देता है। उन्होंने खिलाड़ियों से उपलब्ध सुविधाओं का पूर्ण लाभ उठाकर मेहनत और समर्पण के साथ प्रशिक्षण करने का आग्रह किया। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने कहा कि यह एकेडमी एमडीयू के खिलाड़ियों के लिए नई ऊर्जा और नए अवसर लेकर आई है। यूनिवर्सिटी आउटरीच के चीफ कंसल्टेंट प्रो. राजकुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। हरियाणा स्टीलर्स एकेडमी में खिलाड़ियों को अत्याधुनिक जिम, फिजियोथैरेपी, अत्याधुनिक प्रशिक्षण, अनुभवी प्रशिक्षक अन्य सुविधाओं जेएसडब्लू की तरफ से निशुल्क दी जाएंगी।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर निदेशक सीडीओई प्रो. गुलशन तनेजा, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया, निदेशक सीसीपीसी प्रो. दिव्या मल्हान, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी, डिप्टी डीन डीएसडब्ल्यू प्रो. सोनू, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जागलान, कार्यकारी अभियंता जेएस दहिया, एसडीओ राजेश गुलिया सहित अनेक शिक्षक, खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी, विद्यार्थी और जेएसडब्ल्यू स्टील के खिलाड़ी तथा स्टाफ उपस्थित रहे।

### कल कैंसर अवेयरनेस वॉकाथन का आयोजन

**रोहतक।** पॉजिट्रॉन कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर द्वारा 14 दिसंबर को कैंसर अवेयरनेस वॉकाथन का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के सीईओ अनिल यादव ने बताया कि वॉकाथन सुबह 7:30 बजे देवी लाल पार्क से शुरू होकर सेक्टर-35 स्थित पॉजिट्रॉन हॉस्पिटल पर समाप्त होगा। इसका उद्देश्य कैंसर रोकथाम, शुरुआती पहचान व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करना है। प्रतिभागियों को पूर्व पंजीकरण पर मुफ्त टी-शर्ट दी जाएगी। यह पहल स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

## डॉक्टरों की जायज मांगों का जन स्वास्थ्य अभियान ने समर्थन किया

**रोहतक।** जन स्वास्थ्य अभियान हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी हरियाणा में मौजूदा स्वास्थ्य संकट पर गहरी चिंता जाहिर करता है व हरियाणा सरकार से हड़ताल कर रहे डॉक्टरों की जायज मांगे मानने व इस संकट का समाधान निकलने की अपील भी करता है। 16 नवंबर को मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में, एचसीएमएस कैडर मुद्दे को हल करने के लिए उनकी तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए डॉक्टरों की एसोसिएशन ने बताया कि सरकार ने पिछले साल 25 जुलाई को सहमति दी थी कि आगे कोई सीधी एसएमओ भर्ती नहीं की जाएगी और सेवा नियमों में संशोधन किया जाएगा। हालांकि गत 4 नवंबर को स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक के मिनट्स में एसएमओ की सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने का उल्लेख किया गया है।इसके अलावा, संशोधित एसीपी के अनुदान के प्रस्ताव को पिछले साल जुलाई में मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित करने व वित्त विभाग द्वारा सहमति देने के एक साल बाद व कई बार याद दिलाने के बावजूद भी अनुमोदन की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। जन स्वास्थ्य अभियान हरियाणा हड़ताल कर रहे हरियाणा सरकार के डॉक्टरों की उचित मांगों का पूर्ण समर्थन करता है।

### एलपीएस बोसार्ड और बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर ने गर्म कपड़े दान करने की मुहिम शुरू की



**रोहतक।** एलपीएस बोसार्ड और बी.पी. जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा हर वर्ष की तरह इस साल भी जरूरतमंदों के लिए गर्म कपड़े दान करने की मुहिम शुरू की गई है। संस्था ने शहर में विशेष कलेक्शन काउंटर स्थापित किए हैं, जहां लोग अपने पुराने या नए गर्म वस्त्र जमा करा सकते हैं। कपड़े जमा करवाने के लिए दो स्थान निर्धारित किए गए हैं बी.पी. जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर, आईजी ऑफिस के सामने, दिल्ली बाईपास रोड रोहतक और भगवान महावीर लाइब्रेरी, महावीर पार्क, कैनाल रेस्ट हाउस के सामने। दान 5 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा सकता है। संस्था द्वारा प्राप्त सभी वस्त्रों की पहले छंटाई की जाएगी, फिर उन्हें ड्राईक्लीन कर पैक किया जाएगा। इसके बाद इन्हें जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाएगा। संस्था का कहना है कि सर्दी में दिया गया एक गर्म कपड़ा किसी के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है और ठिठुरती जिंदगियों में राहत व मुस्कान भर सकता है।

### कस्बे की मंडी में होगा सुधार, बढ़ेंगी सुविधाएं: चेयरमैन

**सांपला।** मार्केट कमेटी सांपला की नवगठित कार्यकारिणी की शुक्रवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक एवं वाइस चेयरमैन बंसी लाल मक्कड़ ने की। इसमें कई एजेंडे पर चर्चा हुई। इन एजेंडों में मंडी की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, किसानों के लिए सेवाओं में सुधार, स्वच्छता व्यवस्था, नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, विभिन्न मरम्मत कार्य, नई तकनीक के उपयोग तथा वित्तीय अनुमोदन से जुड़े प्रसताव, मंडी की टुटी चार दीवारी ठीक कराने आदि शामिल रहे। इसके अलावा लोगों की शिकायत तुरंत दूर की जाएगी।चेयरमैन ने कहा कि मंडी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकारिणी को आश्वस्त किया कि मंडी के विकास, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, सड़क व शेड निर्माण, आधुनिक सुविधाएं तथा किसानों की सुविधा से जुड़े सभी प्रस्तावों को सरकार द्वारा पूरा सहयोग मिलेगा। नई कार्यकारिणी का उद्देश्य मंडी को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाना है। कार्यकारिणी ने उम्मीद जताई कि लिए गए निर्णयों से किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और मंडी का संचालन अधिक प्रभावी होगा। इस अवसर सचिव सविता, मंजीत ओहलायन, रोनक मलिक, राजसिंह, प्रमोद बिजेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।



सांपला। मार्केट कमेटी में बैठक लेते चेयरमैन उदयभान मलिक। फोटो : हरिभूमि

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन तेज

**रोहतक।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की कार्यकारिणी के आह्वान पर बिजली निगम लागू की गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ प्रदेशभर के सब-डिवीजन कार्यालयों पर दो घंटे की गेट मीटिंग कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। रोहतक जिले के सिटी-1, सिटी-2, सिटी-3, इंडस्ट्रियल एरिया, सांपला, जसिया, भालौट, छारा, हसनगढ़, महम, कलानौर, काहनौर, खरक, सब-अर्बन सहित विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों ने नीति को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। उप महासचिव विजय हुड्डा ने बताया कि पिछले एक वर्ष में बिजली लाइनों पर कार्य करते हुए 200 से अधिक कर्मचारी शहीद हुए हैं। अधिकांश हादसे उन कर्मचारियों के साथ हुए जिनका हाल ही में तबादला नई जगह पर हुआ था, जहां बिजली लाइनों और फीडरों की पूर्ण जानकारी न होने के कारण वे जोखिम में पड़े। प्रधान इकबाल चंदाना ने घोषणा की कि 16 दिसंबर तक सभी सब-डिवीजनों पर विरोध जारी रहेगा। संज्ञान न मिलने पर 17 से 19 दिसंबर तक डिवीजन स्तर पर, 23 दिसंबर को सर्किल कार्यालयों पर, 30 दिसंबर को पंचकूला व 7 जनवरी 2026 को हिसार में प्रदर्शन होगा। महासचिव यशपाल देशवाल ने कहा कि प्रबंधन गलत जानकारी देकर सरकार-कर्मियों के बीच टकराव पैदा कर रहा है, इसलिए 20 जनवरी को कर्मचारियों द्वारा पंचकूला में प्रदर्शन किया जाएगा।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए विरोध प्रदर्शन करते एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### तीन युवक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन**

**रोहतक।** पुलिस को ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत एक और अहम सफलता मिली है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए पुलिस ने तीन युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 75 बोतल देसी शराब बरामद की गई है।

#### शिव कॉलोनी निवासी अमित उर्फ बच्ची गिरफ्तार

थाना शहर रोहतक प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही अजय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भिवानी चुंगी रेलवे फाटक के पास नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान अवैध शराब लेकर जा रहे एक युवक को काबू किया गया। आरोपी की पहचान अमित उर्फ बच्ची पुत्र पवन निवासी शिव कॉलोनी के रूप में हुई। उसके कब्जे से 24 बोतल देसी शराब बरामद की गई।

#### शोरा कोठी से 40 बोतल शराब बरामद

पीएसआई मंदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शोरा कोठी क्षेत्र में दबिश दी और अंकित पुत्र एशीलाल निवासी शोरा कोठी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। उसके पास से 40 बोतल देसी शराब मिली।

#### जिमखाना क्लब के पास से युवक गिरफ्तार

थाना अर्बन एस्टेट प्रभारी उपनिरीक्षक कमलजीत ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप और टीम ने सेक्टर-4, जिमखाना क्लब के पास एक युवक को दबोचा। उसकी पहचान जगजीवन पुत्र केहर निवासी कबीर कॉलोनी रोहतक के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 20 अध्धे और 4 पव्वे देसी शराब बरामद किए गए।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में 11वीं और 12वीं के बच्चों के करियर फेयर का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया पब्लिक स्कूल में एक उपदेश मीडिया के सहयोग से कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर फेयर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बड़े सपने देखने, सही दिशा चुनने और अपने भविष्य को आत्मविश्वास के साथ संवारने के लिए प्रेरित करना रहा। करियर फेयर में देशभर के 20 से अधिक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विश्वविद्यालय शामिल हुए, जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न करियर मार्गों, उच्च शिक्षा के विकल्पों और उद्योग के रुझानों को समझने का अवसर मिला। चिटकारा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जितेंद्र चोपड़ा और ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून के सिद्धार्थ नरवानी ने विद्यार्थियों को उभरते करियर अवसरों, विश्वविद्यालय जीवन और बदलते वैश्विक परिदृश्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने प्रतिनिधियों से छात्रवृत्ति, प्रवेश प्रक्रिया, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवसरों सहित अनेक विषयों पर सीधा संवाद किया। इस फेयर में एसआरएम., यूपीईएस, क्रेया यूनिवर्सिटी, ओ.पी. जिंदल, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू, एमिटी, जैन यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, गणपत यूनिवर्सिटी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने भागीदारी निभाई। विद्यालय निदेशक अंशुल पठानिया ने छात्रों को सपनों पर विश्वास रखने व उन्हें वास्तविकता में बदलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**रोजगार** कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित कंपनियों ने चुने 100 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- ड्राइव में 150 ने विद्यार्थियों का भाग लिया
- 100 का चयन आगे की प्रक्रिया के लिए हुआ

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचकर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार के विविध अवसर प्रदान किए। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज कैपिटल, पेस सेटर्स, पराफ्लक्स, क्वेस कॉर्प, लर्निंग रूट्स, टाटा ब्रॉडबैंड, टेक महिंद्रा, एल्गोहाइप तथा टेलीसेल्स एग्जिक्यूटिव्स शामिल थीं। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीएम यादव और रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार ने सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों और समन्वयकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव से पहले विश्वविद्यालय ने 14 दिनों का सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें इंटरव्यू स्किल, कम्युनिकेशन, ग्रुप डिस्कशन और प्रोफेशनल व्यवहार पर विशेष सत्र लिए गए। विभिन्न विभागों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप वे चयन प्रक्रिया में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. मुकेश सिंगला ने प्लेसमेंट ड्राइव के समन्वय और इसके सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सतत निगरानी और मार्गदर्शन से पूरी प्रक्रिया सहज और परिणामदायक रही। ड्राइव में कुल 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से लगभग 100 विद्यार्थियों का चयन आगे की भर्ती प्रक्रिया के लिए किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी शॉर्टलिस्ट किए गए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कुलपति प्रो. बीएम यादव ने दी बधाई

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल कन्वा, सह-संयोजक डॉ. अभिषेक तथा आयोजन सचिव अमित अत्री ने पूरे आयोजन का कुशल संचालन किया। प्लेसमेंट समिति में राहुल, जतिन, डॉ. राजरानी, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. मोनिका, डॉ. सवीण, डॉ. शीतल, डॉ. आशा और डॉ. अनिल शामिल रहे, जिनके संयुक्त प्रयासों से यह ड्राइव सफल रही। कार्यक्रम के समापन पर कुलपति प्रो. बीएम यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास और रोजगारपरक शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं से जोड़ते हैं और उन्हें करियर निर्माण की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

## खबर संक्षेप



### बाबा श्याम क्रिकेट अकादमी ने दर्ज की धमाकेदार जीत

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन मैदान पर खेले गए कड़े मुकाबले में बाबा श्याम क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मल्हान अंडर-16 को 8 विकेट से मात दी। मल्हान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 162 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आकाश ने 33 गेंदों पर 56 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि विनित ने 14 रन का योगदान दिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए की तैयारी

**रोहतक।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव जगदीप सिंह ने वर्ष 2025 की 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान, जगदीप सिंह ने सभी हितधारकों को लंबित मामलों और मुकदमेबाजी-पूर्व विवादों, दोनों के अधिकतम संभव समाधान सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।



### सही राम स्कूल में लगाया रक्तदान शिविर

**महम।** द रॉयल ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा संचालित सही राम स्कूल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। स्कूल प्राचार्या शीला दुहन ने बताया कि यह रक्तदान शिविर सहीराम स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय सही राम बामल के 85 वें जन्मदिवस पर लगाया गया था। इस शिविर में 71 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ स्वर्गीय सही राम बामल की पत्नी वीरमती बामल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर डॉ प्रदीप भारद्वाज ने की।

### किसान नेताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# समस्याएं हल करवाने के लिए महम लघु सचिवालय पर गरजे किसान

- बरसाती पानी से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा देने और खेतों में जमा बारिश के पानी की निकासी करने की मांग की

*किसान नेताओं ने कहा कि बारिश के मौसम में जहां फसलें खराब हो गई थी, वहीं अब हजारों एकड़ जमीन में गेहूं की फसल की बिजाई भी नहीं हो पाई है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

अखिल भारतीय किसान सभा ने शुक्रवार को महम में लघु सचिवालय के गेट पर धरना दिया। किसान नेताओं ने बरसाती पानी से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा देने और खेतों में जमा बारिश के पानी की निकासी करने की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि बारिश के मौसम में जहां फसलें खराब हो गई थी, वहीं अब हजारों एकड़ जमीन में गेहूं की फसल की बिजाई भी नहीं हो पाई है। जिस वजह से गेहूं की फसल का मुआवजा भी दिया जाना चाहिए। फसल खराबे का मुआवजा सभी किसानों को देने और खेतों से पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंधों की मांग को लेकर महम चौबीसी के गांवों के किसानों ने किसान सभा के नेतृत्व में तहसील कार्यालय महम पर धरना देकर तहसीलदार महम को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर किसानों के मुद्दों को हल नहीं किया तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। धरने की अध्यक्षता तहसील प्रधान शमशेर सिवाच ने की। तहसील सचिव राय सिंह ने बताया कि हजारों एकड़ फसल जलभराव से बर्बाद हो गई थी सैकड़ो एकड़ में आज भी पानी खड़ा है लेकिन किसानों को एक भी रुपए का मुआवजा भी नहीं मिला। मुख्यमंत्री जिस मुआवजे की घोषणा कर रहे है वो 10 प्रतिशत किसानों के लिए भी नहीं है । सरकार की इस मामूली घोषणा से ऐसा लगता है कि सरकार सभी किसानों को मुआवजा देना ही नहीं चाहती। किसान सभा ने तहसील प्रशासन से मांग की है कि महम के गांव सैमान, बडाली, बेडवा, फरमाना, भैणी चंद्रपाल, भैणी महाराजपुर, भैणी भैरों, भैणीमातो, बहलंबा, मोखरा, मदीना, निन्दाना और महम जहां जलभराव की स्थाई समस्या रहती है इसकी निकासी की एकमुश्त स्थाई योजना बनाकर प्रबंध किए जाएं ताकि आगे किसानों को कोई परेशानी न हो साथ ही जहां इस बार पानी निकासी न होने से गेहूं की बिजाई न हो उनकी अगली गिरदावरी कर रिपोर्ट चंडीगढ़ भेजी जाए, बरसात से गावों की जो सड़के टूटी हुई है उनको ठीक किया जाएं , सैमाण गांव के स्टेडियम से पानी निकाला जाए। इस मौके पर किसानों को राज्य उप प्रधान प्रीत सिंह, कमान सिंह, नरेश सिवाच, जितेन्द्र सिवाच, कमलेश सिवाच, चंद्रभान सीसर,सीटू नेता प्रकाशचंद्र,सतबीर सिंह व अंकुश सिवाच ने संबोधित किया।



**महम।** लघु सचिवालय के गेट पर नारेबाजी करते अखिल भारतीय किसान सभा सदस्य।

### किसानों के साथ जुल्म कर रही है सरकारः दलाल

किसानों को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव सुमित दलाल ने कहा कि सरकार की नीति और नियत ठीक नहीं है किसान की हर जगह लूट हो रही है समय पर मुआवजा और पूरा मुआवजा नहीं मिलता, मंडी में फसल एमएसपी पर नहीं खरीदी जाती, खाद लेने जाए तो अन्य सामग्री जबरन बेची जा रही है ,बिजली कानून के माध्यम से घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने की बात की जा रही है, किसान अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के चक्कर काटते रहते है लेकिन सुनवाई और समस्याओं का समाधान नहीं होता। रोहतक जिला के लिए सरकार ने पूरा मुआवजा नहीं दिया, जिससे किसानों में भारी रोष है।



**रोहतक।** इनेलो महिला प्रदेश अध्यक्ष तनुजा कश्यप का स्वागत करते इनेलो के नेता व कार्यकर्ता।

## भाजपा ने झूठ बोलकर महिलाओं के साथ किया विश्वासघातः तनुजा कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

इनेलो की महिला प्रदेश अध्यक्ष तनुजा कश्यप ने आरोप लगाया कि भाजपा ने झूठ बोलकर महिलाओं के साथ विश्वासघात किया और सत्ता हासिल की है। सरकार की नाकामी के चलते आज प्रदेश में सबसे ज्यादा महिलाएं असुरक्षित है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज हरियाणा को मजबूत नेतृत्व की जरूरत है और जिस प्रकार से अभय सिंह चौटाला जनता की आवाज को उठा रहे है, उससे प्रदेश के लोगों में इनेलो पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। इनेलो महिला प्रदेश अध्यक्ष तनुजा कश्यप शुक्रवार को रूपया चौक स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन विस्तार किया जा रहा है और महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इनेलो की सरकार बनने पर महिलाओं को विधानसभा में 50 प्रतिशत भागेदारी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि हर वर्ग सरकार से पूरी तरह से परेशान है। भाजपा ने झूठ बोलकर सता हासिल की है और महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

### शिक्षा भारती विद्यालय में शहीद बाबा गेनू को दी श्रद्धांजलि



**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय जेपी कॉलोनी में स्वदेशी आंदोलन के प्रथम शहीद बाबा गेनू के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। आचार्या रजनी ने विद्यार्थियों को बताया कि बाबा गेनू का जन्म 1 जनवरी 1908 को पुणे, महाराष्ट्र में हुआ था। वे स्वदेशी आंदोलन और साइमन कमीशन के विरोध में सक्रिय रहे तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए जनजागरण करते थे। मात्र 22 वर्ष की आयु में देश के लिए बलिदान देने वाले इस वीर क्रांतिकारी ने विदेशी भगाओ, स्वदेशी अपनाओ का प्रखर संदेश फैलाया। प्राचार्या आशु साहनी ने छात्रों और उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है, और स्वदेशी उत्पाद अपनाकर हम राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे सकते हैं।



### सीनियर सिटीजन इंटलेक्चुअल फॉर्म ने 450 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की

**रोहतक।** सीनियर सिटीजन इंटलेक्चुअल फॉर्म की ओर से श्रीसनातन धर्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 450 विद्यार्थियों को स्वेटर और जुराबों के जोड़े वितरित किए गए। संगठन के अध्यक्ष श्याम कपूर ने बताया कि ठंड के मौसम में बच्चों को सर्दी से बचाने और उनकी कार्यक्षमता बनाए रखने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी ऐसे सामाजिक कार्यों में आगे आना चाहिए, क्योंकि इसी से जरूरतमंदों की मदद संभव हो पाती है। साथ ही उन्होंने बताया कि संस्था भविष्य में भी समाज हित के कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। स्कूल की प्राचार्य शांता खुराना ने सीनियर सिटीजन इंटलेक्चुअल फॉर्म और उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सुभाष चुग, ओम कालरा, अनिल लोहिया, डीएस बधवार, देवराज कक्कड़, देवेंद्र अग्घी, आतम भूटानी, अशोक विज, मधु नंदा, राम अवतार गुप्ता, राजेश सहगल, सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में हल होती हैं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम ग्रामीणों की उनके घर द्वार पर ही समस्याओं को समाधान करने का एक सशक्त माध्यम है। प्रशासन द्वारा आयोजित प्रशासन आपके गांव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल समस्याओं का मौके पर समाधान होता है, बल्कि प्रशासन और ग्रामीणों के बीच विश्वास को भी मजबूती मिलती है। गुप्ता ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जन शिकायतों का निवारण मौके पर ही करने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावा जमीनी स्तर पर सेवाओं की उपलब्धता एवं वितरण में सुधार करने और सुशासन को बढ़ावा देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के तहत अधिकारी गांवों में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनते और उनका समाधान करते हैं। साथ ही सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाता है।




**रोहतक।** रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सहायक उपकरण का निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व खिलाड़ियों के साथ उपायुक्त सचिन गुप्ता व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

### ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया

*स्वच्छता के क्षेत्र में रोहतक ब्लॉक में सबसे अच्छा कार्य करने पर उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कार्यक्रम में ग्राम पंचायत को सम्मानित भी किया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने गांव बहु जमालपुर में स्थापित किए गए ठोस कचरा प्रबंधन शेड का निरीक्षण भी किया। इस शैड में श्रमदान के माध्यम से एकत्रित की गई प्लास्टिक को लाया जाता है। शेड में वर्मिंग कम पोस्ट भी बनाई जाती है। यहां पर बनाई गई केंचुआ खाद को गांव के ही हर्बल पार्क के पौधों में डाला जाता है। उपायुक्त ने हर्बल पार्क का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने गांव की सक्षम आंगनबाड़ी का भी निरीक्षण किया और अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार की सराहना भी की।*

### गोयल क्रिकेट क्लब ने रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से दर्ज की शानदार जीत

**रोहतक।** शुक्रवार को हनुमंत मैदान पर खेले गए एक कड़े और रोमांचक मुकाबले में गोयल क्रिकेट क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब बी को 5 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब बी ने निर्धारित 40 ओवर में 155/9 का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अनीश सोलंकी ने 54 गेंदों पर 41 रन की जिम्मेदार पारी खेली, जबकि टिश्य ने 45 रन की धमाकेदार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

**NOTICE**

I, Yashu D/o Sh. Neeraj Kumar R/o H.No. 265/33, Kath Mandi, Rohtak-124001, Haryana, India declare That I am permanent resident of the above-mentioned address. Previously I was known as Yashu and now I have changed my name from Yashu to Yashu Darolia. I may be known as YASHU DAROLIA in future for all purposes. Yashu and Yashu Darolia both are one and same person i.e.myself. That it is certified I have complied with other legal requirements in this connection. The above statements are true and correct.

## जन शिकायत पोर्टलों की लंबित शिकायतों का अधिकारी रविवार तक करवायें निपटारा :डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समाधान शिविर, जनसंवाद, सीएम विंडो, सीपीग्राम एवं एसएमजीटी की लंबित शिकायतों का रविवार तक निपटारा करवाएं। संबंधित विभाग शनिवार व रविवार को लंबित हुई रि-ओपन हुई शिकायतों के निपटारे की आवश्यक कार्रवाई करवाये। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा के दौरान विभिन्न शिकायत पोर्टलों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ के अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर में विकास कार्यों से संबंधित मांग भी प्राप्त हो रही हैं, जिनके लिए पोर्टल पर अलग से व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई का कार्य दुरुस्त कर दिया गया है।



**रोहतक।** हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### जल्द करें शिकायतों का निपटारा

डीसी ने जन शिकायत पोर्टलों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा करते हुए विभाग अनुसार अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे बारे निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शनिवार व रविवार को संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर इन शिकायतों का निपटारा करवायेंगे। उन्होंने सीएम विंडो, जनसंवाद, सीपीग्राम तथा एसएमजीटी पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को लंबित शिकायतों के निपटारे के साथ-साथ रिपोर्ट भी अपलोड करने के निर्देश दिए।सचिन गुप्ता ने जनशिकायत पोर्टलों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को इन सभी जन शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी इस बैठक में सभी पोर्टलों पर लंबित शिकायतों की जानकारी तथा विवरण लेकर पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी पोर्टल की लंबित शिकायतों का रविवार तक निपटारा करवाने के निर्देश दिए।




### जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में रोबोटिक्स लीग का सफल आयोजन

**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस सनसिटी रोहतक में 11 और 12 दिसंबर को पीटीसी रोबोटिक्स रोबोटिक एंड एआई रिसर्च लैब के सहयोग से दो दिवसीय रोबोटिक्स लीग 2025 का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए मनोरंजक और व्यावहारिक शिक्षण अनुभव लेकर आया, जिसमें प्री-नर्सरी से केजी वर्ग के विद्यार्थियों ने पहले दिन भाग लिया, जबकि 12 दिसंबर को कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्या अनामिका बलहारा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और तार्किक सोच को प्रोत्साहित करना है। सभी छात्रों ने टीम बनाकर विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट तैयार किए, जिनमें रंग और आकार की खोज, पैटर्न का खेल, छोटे निर्माता, युवा नवाचार, बल और गति कई वैज्ञानिक और सरल मशीनें शामिल थे। बच्चों ने उत्साह और कल्पनाशीलता के साथ अपने मॉडल प्रस्तुत किए। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी रचनात्मकता और तकनीकी समझ का शानदार परिचय दिया। अंत में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों की घोषणा की गई।

मार्केट न्यूज

### पी.पी. ज्वेलर्स, रोहतक में नया कलेक्शन लॉन्च, गोल्ड सिल्वर खरीदने का भी सबसे सही समय




**रोहतक।** पीपी ज्वेलर्स रेलवे रोहतक ने अपने शो-रूम में नया गोल्ड और सिल्वर कलेक्शन लॉन्च कर दिया है। नई रेंज ग्राहकों को आकर्षित करती है ट्रेडिशनल से लेकर मॉडर्न डिज़ाइनों तक, हर तरह की पसंद के लिए यहाँ काफी खूबसूरत विकल्प उपलब्ध हैं। सबसे बड़ी खासियत यह है कि वर्तमान में गोल्ड ज्वेलरी पर सिर्फ 5% मेकिंग चार्जेस रखे गए हैं, जिससे ग्राहकों के बजट में शानदार डिज़ाइनों की खरीदारी और भी आसान हो गई है। बढ़ती हुई मार्केट कीमतों को देखते हुए सिल्वर ज्वेलरी खरीदना इस समय सबसे फायदेमंद माना जा रहा है, क्योंकि सिल्वर के रेट लगातार ऊपर जा रहे हैं। पी.पी. ज्वेलर्स में नई सिल्वर रेंज भी उपलब्ध है, जिसे लेकर खरीदारों में काफी रुचि देखी जा रही है हर रोज के लिए हल्के गहने हों या शादी-विवाह के लिए प्रीमियम पीसेज़। पी.पी. ज्वेलर्स गुणवत्ता, डिज़ाइन और भरोसे के मामले में ग्राहकों की पहली पसंद बना हुआ है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सेक्टर -14, हिसार मो. 85710-24131 87086-55938
प्यार मोहब्बत किया/कराया, जादु-टोना गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन, पशुधन बर्बाद होना, कारोबार में बरकत ना होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो,
जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टीड समाधान



पं. तुषार शर्मा
(गोल्ड मेडलिस्ट)
हर रोज मिलें सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

## टैलेंट हंटः संवैधानिक गरिमा, लोकतांत्रिक परंपराओं और कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ने का अवसरः चांदवीर हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा युवाओं को संगठन से जोड़ने और नेतृत्व क्षमता को निखारने के उद्देश्य है 'नेशनल टैलेंट हंट प्रोग्राम' : चांदवीर हुड्डा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर के युवाओं को संगठनात्मक प्रक्रियाओं से जोड़ने, उनकी राजनीतिक समझ को सुदृढ़ करने और उन्हें नेतृत्व के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर 'टैलेंट हंट कार्यक्रम' की घोषणा की है। इस संदर्भ में नेशनल टैलेंट हंट प्रोग्राम के संयोजक चांदवीर हुड्डा और राष्ट्रीय कोर्डिनेटर चयनिका उनियाल ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उनके साथ शहरी जिलाध्यक्ष कुलदीप (केडी), ग्रामीण जिलाध्यक्ष बलवान रंगा, युवा कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष सुशील हुड्डा, सोशल मीडिया कोर्डिनेटर राकेश गर्ग, गीता भारती, निर्मला आदि मौजूद रहे। चांदवीर हुड्डा ने कहा कि यह टैलेंट हंट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक ऐसा सशक्त मंच है, जहां देश के हर कोने से आए युवा अपने विचार, योग्यता और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दे सकते हैं। राष्ट्रीय कोर्डिनेटर डॉ चयनिका उनियाल ने कहा इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस प्रतिभावान, ऊर्जावान, जुझारू और बौद्धिक रूप से सक्षम युवाओं को संगठन में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में शामिल करना चाहती है।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते राष्ट्रीय कोर्डिनेटर डॉ चयनिका उनियाल।

शान्ति यज्ञ
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥
(आत्मा अमर और अविनाशी है, जिसे न शस्त्र काट सकते हैं, न अग्नि जला सकती है, न पानी भिगो सकता है और न हवा सुखा सकती है।)



स्व. श्रीमती चन्द्रवती दहिया
(9.12.1946 – 8.12.2025)
आपको दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती चन्द्रवती दहिया अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर दिनांक 8 दिसंबर 2025 को प्रभु चरणों में विलीन हो गई हैं। उनकी स्मृति में शांति यज्ञ दिनांक 14 दिसंबर, 2025 को प्रातः 9.30 बजे हमारे निवास स्थान मकान नं. 673/29, गली नंबर 15, तिलक नगर, रोहतक पर होगा।
शोकाकुल
सुखबीर सिंह दहिया
(कनिष्ठ अभियंता, सेवानिवृत, सिंचाई विभाग, हरियाणा)
एवं समस्त दहिया परिवार
सम्पर्क सूत्र : 9729213111, 9813131383, 9812345844

# Elenta Mart
## A PERFECT HYPERMARKET

1 LTR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

2 LTR
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

UPTO 80% OFF

ON ALL MRP 6% OFF

# SUPER SALE

13 DEC TO 15 DEC

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | DIGHAL | SAMPLA | GOHANA | KARNAL

24 MANTRA ATTA 5KG — BUY 1 GET 1 FREE

BREGANO PASTA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE

TOPS TOMATO KETCHUP 850GM — BUY 1 GET 1 FREE

WELCOME`S SPICES (SELECTED VARIANTS) — BUY 1 GET 1 FREE

DEHAAT TOOR DAL — BUY 1 GET 1 FREE

UNIFIT MUSELI 375GM — BUY 1 GET 1 FREE

FIT 4 DITE
GAJJAK - LADDO - PEANUT CHIKKI AND MORE,
BUY 1 GET 1 Free

FORTUNE SOYABEAN OIL 750g — ₹129

SATMOLA NAMKEEN ALL VARIENT — BUY 1 GET 1 FREE

FORTUNE ATTA ( 10 KG ) — ₹410

24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR — BUY 1 GET 1 Free

GM POHA(500g) — BUY 1 GET 1 Free

BTW NAMKEEN ALL VARIENT — BUY 1 GET 1 Free

TAJ MAHAL TEA — ₹549

TATA TEA PREMIUM 1 KG — ₹349

DAAWAT ROZANA BASMATI GOLD RICE 5KG — ₹399

RAJDHANI BESAN 1KG — ₹92

XCITE NOODLES ( 330 G) — BUY 1 GET 1 Free

HURRICANE ENERGY DRINK (250 ML) — BUY 1 GET 1 Free

DEHAAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 Free

RED BULL 250ML — ₹95

ANANDA GHEE (900ML ) — ₹569

PREET LITE GHEE 1L — ₹315

NOVA GHEE (800ML ) — ₹539

PRABHAS GHEE (1 LTR) — BUY 1 GET 1 Free

FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR — ₹175

PATANJALI MUSTARD OIL 1 LTR — ₹185

**Rohtak, Bus Stand**
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
**Contact:** +91-8199999480

**Rohtak, Model Town**
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
**Contact:** +91-9350999480

**Karnal**
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
**Contact:** +91-90530 86555

**Dighal**
Sampla Beri Road, Dighal.
**Contact:** +91-7419202127

**Bahadurgarh**
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
**Contact:** +91-9992296899

**Sampla**
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
**Contact:** +91-8930062800

**Gohana**
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
**Contact:** +91-7419002626

**Jhajjar**
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
**Contact:** +91-8750187531

**Sonipat**
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
**Contact:** +91 90530 87555

**Zirakpur**
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
**Contact:** +91 90530 87555

UPCOMING BRANCHES: Sirsa, Ghaziabad, Hisar, Mohali, Bhivani, Pinjor

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

TERMS & CONDITION : *STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.